| C3 | अनचाहा गर्भ | | |
| *सबसे महत्वपूर्ण केवल 2 मुद्दों को प्राथमिकता दे* | | | |



File No. BRLPS/Estt/895/4/Part III (Computer No. 91508)
Generated from eOffice by MR. ANAND KUMAR, JEEVIKA-PA-PRO(AK), PROJECT ASSOCIATE, BIHAR RURAL LIVELIHOODS PROMOTION SOCIETY on 12/10/2024 05:10 pm

| समूह "D" – स्वच्छता सम्बन्धी मुद्दे की प्राथमिकता प्रपत्र | | | |
|---|---|---|---|
| क्र सं | चिंहित मुख्य मुद्दे | व्यक्तियों की संख्या जिन्होंने सम्बंधित मुद्दे चुने | प्राथमिकता (1 और 2) |
| D1 | व्यक्तिगत शौचालय | | |
| D2 | साबुन से हाथ धोने के सही तरीका | | |
| D3 | कचरा प्रबंधन | | |
| *सबसे महत्वपूर्ण केवल 2 मुद्दों को प्राथमिकता दे* | | | |

उपर्युक्त चारों समूह अपने-अपने विषय से सम्बंधित चिन्हित मुख्य मुद्दों के सामने वाले कॉलम में (जहाँ लिखा गया है - व्यक्तियों की संख्या जिन्होंने सम्बंधित मुद्दे चुने) उन सदस्यों की संख्या लिखें जिन्होंने इस मुद्दे को चुना। व्यक्तियों की संख्या लिखें जिन्होंने सम्बंधित मुद्दे चुने इसके आगे के कॉलम में (जहाँ लिखा गया है- प्राथमिकता 1 और 2) सदस्यों की संख्या के आधार पर प्राथमिकता 1, 2,3 ----- लिखें। इसी तरह शेष मुद्दों के लिए भी यही प्रक्रिया दुहरायें। चिन्हित मुद्दों में से जिन मुद्दों को सबसे ज्यादा लोग मिलकर चुनेंगे वह मुद्दा पहले स्थान पर होगा और प्राथमिकता वाले कॉलम में 1 लिखा जाएगा। उससे कम लोगों द्वारा चुने गए मुद्दे दूसरे स्थान पर होंगे और प्राथमिकता वाले कॉलम में 2 लिखा जाएगा। इस तरह मुद्दों की प्राथमिकता करेंगे। इसके बाद समूह प्राथमिकता के आधार पर सबसे महत्वपूर्ण केवल 2 मुद्दों को रखें जिन पर उन्हें आगे काम करना है।






File No. BRLPS/Estt/895/14Part III/(Computer No. 91508)
Generated from eOffice by MR ANAND KAMAR, JEEVIKA-PA-PA(AK), PROJECT ASSOCIATE, BIHAR RURAL LIVELIHOODS PROMOTION SOCIETY on 12/02/2024 06:10 pm

## अध्याय -2

**खाद्य, पोषण, स्वास्थ एवं स्वच्छता के अंतर्गत विज़न, लक्ष्य और उद्देश्य को समझना**

आइये विज़न, लक्ष्य और उद्देश्य को एक खेल के माध्यम से समझते हैं। खेल का नाम है – "राष्ट्रीय निशानेबाज़ी प्रतियोगिता"। राष्ट्रीय निशानेबाज़ी प्रतियोगिता खेलने के लिए प्रतिभागियों से 1, 2, 3,4,5,6,7 गिनती करने को कहें। 1 संख्या वाले सभी प्रतिभागियों का एक समूह बनाएं उसी तरह 2,3 एवं सभी संख्या के आधार पर शेष समूह बनायें। इस तरह कुल 7 समूह बनाएं और सातों समूहों का एक नाम दें। समूह एक - बिहार राज्य के खिलाड़ी। समूह दो - पश्चिम बंगाल राज्य के खिलाड़ी। समूह तीन- झारखण्ड राज्य के खिलाड़ी। समूह चार - उड़ीसा राज्य के खिलाड़ी। समूह पाँच- उत्तरप्रदेश राज्य के खिलाड़ी। समूह छ: - मध्यप्रदेश राज्य के खिलाड़ी। समूह सात- उत्तराखंड राज्य के खिलाड़ी।

**राष्ट्रीय निशानेबाज़ी प्रतियोगिता की तैयारी**




सातों समूह को अलग-अलग पंक्ति में खड़ा कर दें। पंक्ति में खड़े सभी प्रतिभागियों को अखबार का 1-1 पेज दें और उनसे कहें कि इस पेज को मोड़ कर गेंद के आकार का 3 गोला बना लें। समूह में खड़े प्रतिभागियों के आगे एक लम्बी रेखा खींच दें। खिलाड़ियों को कहें कि इस रेखा से 6 कदम की दूरी पर रखे पेपर कप पर निशाना लगाएँ। प्रत्येक प्रतिभागी को निशाना लगाने के लिए 3 मौके दें । प्रत्येक समूह से 1-1 प्रतिभागी को रिकार्ड कीपर बना दें और उन्हें कहें कि खिलाड़ियों के प्रत्येक सफल निशाने के लिए उनके नाम के सामने एक लकीर खींच दें। प्रत्येक खिलाड़ी की बारी समाप्त होते ही लकीरों को गिन कर उसके नाम के सामने कुल अंक जोड़ कर लिखें। अंक के आधार पर खिलाड़ियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेता घोषित करें एवं ताली बजा कर उनका उत्साहवर्धन करें।

**सभी प्रतिभागियों से निम्न प्रश्न पूछें –**

**प्रश्न:** राष्ट्रीय निशानेबाज़ी प्रतियोगिता में क्या गतिविधियाँ की गयी ?
**उत्तर:** निशाना लगाने की गतिविधियाँ की गयी ।
**प्रश्न:** निशाना लगाने के समय उद्देश्य क्या था ?
**उत्तर:**अधिक से अधिक निशाना लगाना।
**प्रश्न:** आपका लक्ष्य क्या था ?
**उत्तर:** राष्ट्रीय निशानेबाज़ी प्रतियोगिता जीतना (प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करना)।
**प्रश्न:** राष्ट्रीय निशानेबाज़ी प्रतियोगिता क्यों जीतना चाहते थे ? आपका विज़न क्या था ?
**उत्तर:** राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाना, देश में नाम कमाना।

**विज़न, लक्ष्य और उद्देश्य का मतलब**

**विज़न–** भविष्य की सुखद स्थिति की परिकल्पना करना विज़न कहलाता है। जैसे- एक व्यक्ति अपने-आप को एक समृद्ध परिवार के रूप में देखता है और परिवार खुशहाल है। उसी तरह संकुल संघ के सभी सदस्य मिलकर एक सामूहिक विज़न बना सकते हैं।



File No. BRLPS/Estt/895/14Part-III (Computer No. 91508)
Generated from eOffice by MR. ANAND KUMAR, JEEVIKA-PA-Proc(AK), PROJECT ASSOCIATE, BIHAR RURAL LIVELIHOODS PROMOTION SOCIETY on 24/10/2024 06:10 pm



**विज़न का उदाहरण**

- समूह के सभी दीदियों का परिवार स्वस्थ एवं खुशहाल है।
- समूह की सभी दीदियों का परिवार स्वावलंबी एवं समृद्ध है।

लक्ष्य –भविष्य में हम जिस परिणाम को प्राप्त करना चाहते हैं और उसको मापने का मापदंड एवं समय निर्धारित हो उसे लक्ष्य कहते हैं।

**लक्ष्य का उदाहरण**

- सभी गर्भवती माताओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण सम्बन्धी आवश्यक देखभाल सुनिश्चित हो।
- गैर संचारी रोग से ग्रसित दीदियों के परिवार का समय पर पहचान एवं स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ाव हो।
- पति-पत्नी आपसी सहमती से परिवार नियोजन से सम्बन्धी उचित निर्णय लें एवं अपनाएँ।
- सभी बच्चों का जन्म अस्पताल में हो एवं उनका संपूर्ण टीकाकरण हो।
- सभी माताएं अपने बच्चों को छह माह तक सिर्फ और सिर्फ स्तनपान कराएँगी।
- परिवार में एक वर्ष के अन्दर कम से कम एक सदस्य को एक रोजगार हो।
- परिवार के सभी सदस्य शौचालय का नियमित उपयोग कर रहे हों एवं सही तरीके से साबुन से हाथ धो रहे हों।

उद्देश्य – निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए किया जाने वाला कार्य उद्देश्य कहलाता है। हमारा उद्देश्य स्पष्ट, मापने एवं प्राप्त करने योग्य होना चाहिए। विज़न एवं लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आवश्यक संपादित किये गए कार्य संकुल संघ का उद्देश्य होगा। जैसे- हमारे संकुल संघ में आगामी पाँच वर्षों में पौष्टिक भोजन की पर्याप्तता सुनिश्चित करना है।

**उद्देश्य का उदाहरण:**

- सभी गर्भवती माताओं का निर्धारित समय पर प्रसव पूर्व जाँच एवं देखभाल सुनिश्चित करना है।
- सभी गर्भवती माताओं का विविधतापूर्ण नियमित तीन भोजन एवं एक अतिरिक्त भोजन सुनिश्चित करना है।
- सभी बच्चों को छ: माह के बाद पूरक आहार शुरू करना है एवं माँ का दूध 2 वर्ष तक जारी रखना है।
- परिवार में 30 वर्ष से ऊपर के सभी सदस्यों का स्वास्थ्य जाँच एवं स्वास्थ्य कार्ड बनवाना है।
- स्वास्थ्य जाँच के उपरान्त गैर संचारी रोग से ग्रसित सदस्यों का स्वास्थ्य केंद्र / सेवा प्रदाता से नियमित उपचार सुनिश्चित करवाना है।
- परिवार में युवा-युवती की शादी सही उम्र पर करनी है।
- योग्य दम्पति को आपसी सहमती से पहला बच्चा देर से एवं दो बच्चों के बीच कम से कम 3 साल का अंतराला रखने के लिए आवश्यक परिवार नियोजन के साधन अपनाने हेतु प्रेरित करना है।
- परिवार के सभी सदस्यों द्वारा शौचालय का नियमित उपयोग करना एवं सही तरीके से साबुन से हाथ धोना।



File No. BRLPS/Estt/895/II/Part III (Computer No. 91508)
Generated from eOffice by MR. ANAND KAMAR, JEEVIKA-PA-PA(AK), PROJECT ASSOCIATE, BIHAR RURAL LIVELIHOODS PROMOTION SOCIETY on 12/02/2024 05:10 pm

BRLPS/Estt/895/2024/HR&N-JEEVIKA I/167716/2024

# अध्याय -3

## गतिविधि एवं कार्य योजना का निर्माण

### गतिविधि किसे कहते है ?

किसी उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए किये जाने वाले कार्यों को गतिविधि कहते हैं। किसी भी गतिविधि को करने के लिए प्रशिक्षित लोग, पर्याप्त धन एवं सामग्री की आवश्यकता होती है। कुछ गतिविधियों के उदाहरण जैसे-लक्षित लाभार्थियों का गृह भ्रमण करना एवं परामर्श देना, ग्राम संगठन की बैठक में भाग लेना, कार्यों की समीक्षा करना, अभियान आयोजित करना, ग्रामीण स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस (VHSND) में भाग लेना, आशा/आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को चर्चा में शामिल कराना, पोषण बगीचा तैयार करवाना, मासिक बैठकें आयोजित करना आदि हैं।

### गतिविधि योजना क्या है?

उद्देश्य की प्राप्ति हेतु समय के अनुसार गतिविधियों को सूचीबद्ध करना ही गतिविधि योजना कहलाती है।

आइए एक उदाहरण के माध्यम से हम गतिविधि योजना को समझते हैं। परिवार में आहार विविधता लाने के उद्देश्य से पारिवारिक आहार विविधता अभियान की गतिविधि की जाती है। पारिवारिक आहार विविधता अभियान की गतिविधि ख़ास कर गर्भवती माताओं, धात्री माताओं एवं जन्म से 2 वर्ष के बच्चों के बीच करते हैं। यह गतिविधि तीन माह में पूरा किया जाता है। यानि क्या-क्या गतिविधियाँ किसके साथ की जानी है और यह गतिविधि कितनी समयावधि में सम्पन्न हो पाएगी ? इसे सूचीबद्ध कर के गतिविधि योजना बनाते हैं।

आपलोगों में से अधिकांशत: लोगों ने पारिवारिक आहार विविधता अभियान से सम्बंधित जागरूकता गतिविधियाँ करते होंगे। पारिवारिक आहार विविधता अभियान से सम्बंधित जागरूकता गतिविधियों के लिए आप क्या-क्या गतिविधियाँ, किसके साथ और कितनी समय में पूरा करते हैं। पारिवारिक आहार विविधता अभियान से सम्बंधित गतिविधि योजना निम्न सारणी में बनाएं :-

| गतिविधि योजना प्रपत्र | | |
|---|---|---|
| क्या – क्या गतिविधियाँ की जायेगी | गतिविधियाँ किसके साथ की जायेगी | गतिविधियों को करने मे कितना समय लगेगा |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |

### उप-गतिविधि क्या है?

एक गतिविधि जो किसी बड़ी गतिविधि का हिस्सा बनती है उसे उप-गतिविधि कहते हैं।

पूर्व में हमनें पारिवारिक आहार विविधता अभियान गतिविधि के बारे में समझा है। पारिवारिक आहार विविधता अभियान गतिविधि के अंतर्गत समूह में बैठक कर लाभार्थी सूची तैयार करना,रैली निकालना, प्रभात फेरी करना,



File No. BRLPS/Estt/895/II/Part II (Computer No. 91508)
Generated from eOffice by MR. ANAND KAMAL RUJHEEVIKA-PA-PC(AK), PROJECT ASSOCIATE, BIHAR RURAL LIVELIHOODS PROMOTION SOCIETY on 12/10/2024 05:10 pm

आहार प्रदर्शनी करना, रंगोली बनाना आदि उप गतिविधियाँ हैं।

**उद्देश्य के आधार पर गतिविधियाँ तैयार करना**

**चारों समूहों (A,B,C एवं D) द्वारा निर्धारित किया गया:-**

**विज़न :-** समूह के सभी दीदियों का परिवार स्वस्थ एवं खुशहाल है जिसमें माँ और बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण की देखभाल हो, गैर संचारी रोगों का समय पर आवश्यक उपचार हो, छोटा एवं सुखी परिवार हो तथा स्वच्छता एवं पेयजल की सुविधा उपलब्ध हो।

**लक्ष्य :-**

- दीदियों के परिवार की सभी गर्भवती माताओं और बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण सम्बन्धी आवश्यक देखभाल सुनिश्चित हो।
- गैर संचारी रोग से ग्रसित दीदियों के परिवार का समय पर पहचान एवं स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ाव हो।
- सभी योग्य दम्पति आपसी सहमती से परिवार नियोजन से सम्बन्धीत उचित निर्णय लें एवं अपनाएँ।
- दीदियों के परिवार में शौचालय का नियमित उपयोग एवं साबुन से हाथ धोना सुनिश्चित किया जाए।

उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए चारों समूह अब गतिविधियाँ तैयार करें।

<table>
<tr><th>क्रं सं</th><th>चुने गए मुख्य मुद्दे</th><th>उद्देश्य</th><th>गतिविधियाँ</th></tr>
<tr><td rowspan="2">A1</td><td rowspan="2">गर्भावस्था</td><td>सभी गर्भवती माताओं का निर्धारित समय पर प्रसव पूर्व जांच एवं देखभाल सुनिश्चित करना है</td><td rowspan="11">• प्रत्येक माह खाद्य,स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता (एफ. एन. एच. डब्ल्यू.) से सम्बंधित लक्षित लाभार्थियों का गृह भ्रमण करना एवं परामर्श देना।<br>• स्वास्थ्य उप समिति द्वारा प्रत्येक माह समूह परिवारों का गृह भ्रमण करना।<br>• संकुल स्तरीय संघ के सामाजिक कार्य समिति के द्वारा ग्राम संगठन की बैठक में भाग लेना।<br>• खाद्य , स्वास्थ, पोषण एवं स्वच्छता सम्बन्धी अभियान आयोजित करना।<br>• एफ. एन. एच. डब्ल्यू. सम्बन्धी मासिक बैठकें आयोजित करना<br>• ग्राम संगठन की बैठक में आशा/आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को एफ. एन. एच. डब्ल्यू. संबधी चर्चा में शामिल कराना।<br>• ग्राम संगठन एवं संकुल स्तरीय संघ के द्वारा प्रत्येक माह खाद्य, स्वास्थ, पोषण एवं स्वच्छता सम्बन्धी कार्यों की समीक्षा करना।</td></tr>
<tr><td>सभी गर्भवती माताओं का विविधतापूर्ण नियमित तीन भोजन एवं एक अतिरिक्त भोजन सुनिश्चित करना है</td></tr>
<tr><td>A3</td><td>6 से 12 माह तक के बच्चे</td><td>सभी बच्चों को छ माह के बाद पूरक आहार शुरु करना है एवं माँ का दूध 2 वर्ष तक जारी रखना है</td></tr>
<tr><td>B1</td><td>उच्च रक्तचाप</td><td>परिवार मे 30 वर्ष से ऊपर के सभी सदस्यों का स्वास्थ्य जांच एवं स्वास्थ्य कार्ड बनवाना है</td></tr>
<tr><td>B2</td><td>मधुमेह (डायबिटीज)</td><td>स्वास्थ्य जांच के उपरान्त गैर संचारी रोग से ग्रसित सदस्यों का स्वास्थ्य केद्र / सेवा प्रदाता से नियमित उपचार सुनिश्चित करवाना है</td></tr>
<tr><td>C1</td><td>विवाह का उम्र</td><td>परिवार मे युवा-युवती की शादी सही उम्र पर करनी है</td></tr>
<tr><td>C3</td><td>अनचाहा गर्भ</td><td>योग्य दम्पति को आपसी सहमती से पहला बच्चा देर से एवं दो बच्चों के बीच कम से कम 3 साल का अंतराला रखने के लिए आवश्यक परिवार नियोजन के साधन अपनाने हेतु प्रेरित करना है</td></tr>
<tr><td rowspan="2">D1</td><td rowspan="2">व्यक्तिगत शौचालय का उपयोग</td><td>परिवार के सभी सदस्यों द्वारा शौचालय का नियमित उपयोग करना</td></tr>
<tr><td>शौचालय की नियमित साफ़-सफाई करना</td></tr>
<tr><td>D2</td><td>साबुन से हाथ धोने का सही तरीका</td><td>खाना बनाने से पहले, शौच के बाद, जानवरों को छूने, कूडा - कचरा फेकने के बाद साबुन से हाथ धोना</td></tr>
</table>



File No. BRLPS/Estt/895/14Part II (Computer No. 91508)
Generated from eOffice by MR. ANAND KUMAR, JEEVIKA-PA-(AK), PROJECT ASSOCIATE, BIHAR RURAL LIVELIHOODS PROMOTION SOCIETY on 12/10/2024 05:10 pm

## कार्य योजना क्या है?

ऐसी योजना जो समूह के सदस्यों के बीच समय-सीमा और जिम्मेदारियों के विवरण के साथ गतिविधि को कार्य रूप प्रदान करती है कार्य योजना कहलाती है। किसी उद्देश्य और लक्ष्य को समय पर प्राप्त करने के लिए चरणबद्ध एवं विस्तृत रुप से कार्य योजना तैयार की जाती है।

## कार्य योजना बनाने की जरुरत क्यों ?

कार्य योजना बनाने से यह पता चलता हैं कि उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए हमें क्या-क्या गतिविधियाँ करनी है ? गतिविधियाँ कैसे एवं कब तक पूरी की जाएँगी ? इन गतिविधियों को करने के लिए किन-किन व्यक्तियों की जिम्मेदारी होगी ? गतिविधियों को पूरा करने में कितना समय एवं इसके लिए बजट कितना है इत्यादि ? यह चुनौतियों की पहचान करने तथा रणनीति बनाने में मदद करती है। कार्य योजना गतिविधियों एवं कैडर के कार्यों की निगरानी तथा उनकी प्रगति की समीक्षा करने में भी मदद करती है।

## मूल बिंदु :

| विषय | पारिवारिक आहार विविधता पर अभियान |
|---|---|
| लक्ष्य | अगले तीन महीने मे 400 परिवार अपने दैनिक भोजन मे आहार विविधता को अपना ले |
| | परिवार के बडे सदस्यों के लिए10 खाद्य समूहों मे से कम से कम 5 खाद्य समूह शामिल हो |
| | परिवार के छोटे बच्चों (6 से 23 माह) के लिए 7 खाद्य समूहों मे से कम से कम 4 खाद्य समूह शामिल हो |
| लक्षित लाभार्थी | समूह परिवार के गर्भवती, धात्री, अन्य वयस्क एवं छोटे बच्चे |
| समय | अक्टूबर से दिसम्बर माह तक (कुल तीन महीने) |

## गतिविधियाँ एवं जिम्मेदारियाँ :

| गतिविधियाँ | जिम्मेदारी |
|---|---|
| प्रति माह कम से कम 10 ग्राम संगठन की बैठक मे भाग लेकर समूह परिवार मे आहार विविधता सम्बन्धी कार्य की समीक्षा करने मे सहयोग करेगी | सामाजिक कार्य समिति |
| प्रति माह समूह परिवार की कम से कम तीन गर्भवती, धात्री, छोटे बच्चों एवं अन्य वयस्क के घर जाकर आहार मे विविधता लाने हेतु प्रोत्साहित करेगी | स्वास्थ्य उपसमिति |
| समूह की साप्ताहिक बैठक मे आहार विविधता सम्बन्धी जानकारी प्रदान करेगी एवं लक्षित लाभार्थी की सूचि तैयार कर ग्राम संगठन मे जमा करेगी | सी एम |
| प्रति माह कम से कम 3 गांव मे गृह भ्रमण कर घर पर लाल एवं हरा निशान लगाएंगी तथा परिवार को चिन्हित करेगी | सी एन आर पी |
| ग्राम संगठन के समूह परिवारों द्वारा आहार विविधता अपनाए जा रहे कुल घरों की संख्या एवं जानकारी से सम्बंधित प्रगति प्रतिवेदन प्रति माह संकुल संघ की बैठक मे पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेगी | एम आर पी |
| अगले तीन माह मे कम से कम 20 परिवार मे आहार विविधता अपनाना सुनिश्चित करवाएंगी | ग्राम संगठन |
| कार्य योजना निर्माण, गतिविधियों एवं कैडर के कार्यो की समीक्षा करना | संकुल संघ के पदाधिकारी |
| एम आर पी से जानकारी प्राप्त करेगी कि निर्धारित लक्ष्य (400 परिवार) के अनुसार कितने परिवार के घर पर हरा निशान लगा है (जो खाद्य विविधता अपना रहे है) | |
| सामाजिक कार्य समिति से जानकारी प्राप्त करेगी कि निर्धारित मासिक जिम्मेदारियों के अनुसार कितने ग्राम संगठन की बैठक मे सामाजिक कार्य समिति ने भाग लिया | |
| ग्राम संगठन से जानकारी प्राप्त करेगी कि निर्धारित मासिक जिम्मेदारियों के अनुसार स्वास्थ उपसमिति ने कितने लक्षित लाभार्थियों का गृह भ्रमण किया इत्यादि | |



File No. BRLPS/Estt/895/II/Part III (Computer No. 91508)
Generated from eOffice by MR. ANAND KUMAR, JEEVIKA-PA-PAK(AK), PROJECT ASSOCIATE, BIHAR RURAL LIVELIHOODS PROMOTION SOCIETY on 24/10/2024 05:10 pm

## वार्षिक कार्य योजना क्या है ?

योजना जो एक वर्ष के लिए बनायी जाती है उसे वार्षिक कार्य योजना कहते हैं। सरकारी कार्यक्रमों में वार्षिक का तात्पर्य वित्तीय वर्ष से है जो प्रत्येक वर्ष अप्रैल से मार्च तक के 12 महीनों की अवधि होती है।

## खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता सम्बन्धी वार्षिक कार्य योजना निर्माण करना

| वार्षिक कार्य योजना प्रारूप (वित्तीय वर्ष 2024 – 2025) | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रम सं | किये जाने वाले कार्य | वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कार्य की संख्या | | | | कुल | अभियुक्ति |
| | | पहली तिमाही | दूसरी तिमाही | तीसरी तिमाही | चौथी तिमाही | | |
| 1 | कितने ग्राम संगठन द्वारा रणनीति के अनुसार एफ. एन. एच. डब्ल्यू (FNHW) गतिविधियाँ सम्पन्न की जायेगी | 40 | 40 | 40 | 40 | 40 | सभी ग्राम संगठन |
| 2 | कितने समूहों मे खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता (एफ. एन. एच. डब्ल्यू ) से सम्बंधित लक्षित लाभार्थियों का गृह भ्रमण कर परामर्श दिया जाएगा | 300 | 300 | 250 | 250 | 1100 | अब तक का कुल योग |
| 3 | कितने ग्राम संगठन की स्वास्थ्य उप समिति द्वारा प्रत्येक माह समूह परिवारों का गृह भ्रमण किया जाएगा | 30 | 35 | 25 | 30 | 40 | कुल 40 ग्राम संगठन |
| 4 | कितने संकुल स्तरीय संघ के सामाजिक कार्य समिति द्वारा ग्राम संगठन की बैठक की जायेगी | 20 | 20 | 20 | 20 | 40 | कुल 40 ग्राम संगठन |
| 5 | कितने संकुल स्तरीय संघ की मासिक बैठक मे खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के कार्य की समीक्षा की जायेगी | 3 | 3 | 3 | 3 | 12 | प्रत्येक माह |
| 6 | कितने ग्राम संगठन द्वारा खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता (पोषण माह और कोविड टीकाकरण को छोडकर) से सम्बंधित अभियान आयोजित किया जाएगा | 40 | 40 | 40 | 40 | 40 | 100% |
| 7 | कितने ग्राम संगठन ग्रामीण स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस (VHSND) मे भाग लेगे | 40 | 40 | 40 | 40 | 40 | 100% |
| 8 | कितने ग्राम संगठन द्वारा मासिक बैठक मे खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के कार्य की समीक्षा की जायेगी | 40 | 40 | 40 | 40 | 40 | 100% |
| 9 | कितने ग्राम संगठन की बैठक मे आशा/आंगनवाडी कार्यकर्ता एफ. एन. एच. डब्ल्यू. संबधी चर्चा मे शामिल होंगी | 40 | 40 | 40 | 40 | 40 | 100% |
| 10 | कितने समूह परिवार के घरों मे पोषण बगीचा तैयार किया जाएगा | 150 | 350 | 300 | 300 | 400 | कुल समूह 400 |
| 11 | कितने समूहों मे एफ. एन. एच. डब्ल्यू. सम्बन्धी मासिक बैठके आयोजित की जायेगी | 400 | 400 | 400 | 400 | 400 | 100% |

उपर्युक्त वार्षिक कार्य योजना प्रारुप की मदद से संकुल संघ खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता सम्बन्धी वार्षिक कार्य योजना तैयार करें।



File No. BRLPS/Estt/895/14Part III (Computer No. 91508)
Generated from eOffice by MR. ANAND KUMAR, JEEVIKA-PA-PA(AK), PROJECT ASSOCIATE, BIHAR RURAL LIVELIHOODS PROMOTION SOCIETY on 24/10/2024 06:10 pm

## समीक्षा और निगरानी

वार्षिक कार्य योजना में निर्धारित गतिविधियों के आधार पर योजना के अनुसार कार्य एवं कैडर के कार्यों का प्रगति मूल्यांकन, निगरानी और समीक्षा करते हैं। संकुल संघ की मासिक बैठक में समीक्षा और निगरानी हेतु संकुल स्तरीय दो पदाधिकारियों, सामाजिक कार्य समिति के 3 सदस्यों, 2 सी.एन.आर.पी., 1 एम.आर.पी., एच.एन. नोडल/CLF एंकर पर्सन एवं ग्राम संगठन के प्रतिनिधि गण की उपस्थिति अनिवार्य है।

**प्रश्न:-**

1. अभ्यास के माध्यम से आपके द्वारा बनाई गयी गतिविधियाँ - उप गतिविधियाँ क्या आपके उद्देश्य को पूरा कर पा रही है ? यदि नहीं तो दी गयी गतिविधियों में आप जोड़ या हटा कर ऐसी गतिविधियों का चयन करें जो उद्देश्य को पूरी तरह हासिल करने में मदद करे।
2. अभ्यास के माध्यम से आपके द्वारा बनाए गए उद्देश्य क्या आपके लक्ष्य को पूरा कर पा रहा है ? यदि नहीं तो दिए गए लक्ष्य या उद्देश्य में आप जोड़ या हटा कर ऐसे उद्देश्य का चयन करें जो लक्ष्य को पूरी तरह हासिल करने में मदद करे।
3. अभ्यास के माध्यम से आपके द्वारा बनाए गए लक्ष्य क्या आपके विज़न को पूरा कर पा रहा है ? यदि नहीं तो दिए गए विज़न को बदलकर आप कोई नया विज़न बना सकते हैं जो लक्ष्य को पूरी तरह हासिल करने में मदद करे।

यह सुनिश्चित कर लें की आपके द्वारा निर्धारित विज़न, लक्ष्य, उद्देश्य एवं गतिविधियाँ एक दूसरे से जुड़े हैं और आप इच्छानुसार लक्ष्य को हासिल कर विज़न तक पहुँच सकते हैं।

**मूल सीख :**

**हमारे संकुल स्तरीय संघ का निम्नलिखित विज़न हो सकता है :-**

- समूह के सभी दीदियों का परिवार स्वस्थ एवं खुशहाल है।
- समूह की सभी दीदियों का परिवार स्वावलंबी एवं समृद्ध है।

**हमारे संकुल स्तरीय संघ का निम्नलिखित लक्ष्य हो सकता है :-**

- सभी गर्भवती माताओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण सम्बन्धी आवश्यक देखभाल सुनिश्चित हो।
- गैर संचारी रोग से ग्रसित दीदियों के परिवार का समय पर पहचान एवं स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ाव हो।
- पति-पत्नी आपसी सहमती से परिवार नियोजन से सम्बन्धी उचित निर्णय लें एवं अपनाएँ।
- सभी बच्चों का जन्म अस्पताल में हो एवं उनका संपूर्ण टीकाकरण हो।
- सभी माताएं अपने बच्चों को छह माह तक सिर्फ और सिर्फ स्तनपान कराएँगी।
- परिवार में एक वर्ष के अन्दर कम से कम एक सदस्य को एक रोजगार हो।
- परिवार के सभी सदस्य शौचालय का नियमित उपयोग कर रहे हों एवं सही तरीके से साबुन से हाथ धो रहे हों।
- सभी गर्भवती माताएँ प्रसवपूर्व कम से कम 4 जांच करवा रही हों।
- जन्म से 23 माह तक के सभी बच्चों का नियमित वृद्धि-निगरानी की जा रही हो।



File No. BRLPS/Estt/895/14Part-III (Computer No. 91508)
Generated from eOffice by MR. ANAND KUMAR, JEEVIKA-PA-Proc(AK), PROJECT ASSOCIATE, BIHAR RURAL LIVELIHOODS PROMOTION SOCIETY on 12/10/2024 06:10 pm

File No. BRLPS/Estt/895/14Part III (Computer No. 91508)
Generated from eOffice by MR. ANAND KUMAR, JEEVIKA-PA-Proc(AK), PROJECT ASSOCIATE, BIHAR RURAL LIVELIHOODS PROMOTION SOCIETY on 12/10/2024 10:50 am

# JEEVIKA

## BIHAR RURAL LIVELIHOODS PROMOTION SOCIETY

Vidyut Bhawan, Annexe-II, 1st Floor & 3rd Floor

Bailey Road, Patna-800021, Bihar

ANNEXURE-IV (SAMPLE COPY OF LEAFLET)

बिहार सरकार

जीविका

# शौचालय का उपयोग
# एवं
# घरेलू कचरे का प्रबंधन

## व्यक्तिगत शौचालय की जरुरत क्यों है ?

- बीमारियों से बचाव हेतु।
- बीमारियों पर होने वाले खर्चे को कम करने हेतु।
- आत्मसम्मान, सामाजिक प्रतिष्ठा और परिवार की सुरक्षा हेतु।
- समय की बचत हेतु।
- गर्भवती महिलाओं, गर्भस्थ शिशुओं, बूढ़े एवं बीमार व्यक्तियों की सुरक्षा हेतु।
- महिलाओं एवं किशोरियों को अपराधिक घटनाओं से बचाव हेतु।
- जल एवं वातावरण को स्वच्छ रखने हेतु।









## शौचालय की सफाई रख–रखाव कैसे करें ?

- शौच करने से पहले पैन में थोड़ा पानी अवश्य डालें ताकि पैन में मल न चिपके।
- शौचालय इस्तेमाल के बाद पर्याप्त पानी डालें।
- शौचालय को सप्ताह में एक बार नमक–पानी के घोल से अवश्य साफ करें।
- सप्ताह में कम से कम एक बार शौचालय के मग, बाल्टी की सफाई भी करें।
- टूटे –फूटे शौचालय जैसे – दरवाजा, खिड़कियाँ, रोशनदान, कब्जा, हैंडल, छत, दीवाल आदि की मरम्मत समय–समय पर करें।

## साबुन से हाथ धोने का सही तरीका – SUMAN- K







## कचरा किसे कहते हैं ?

जिसे हम दैनिक जीवन में व्यर्थ तथा अनुपयोगी समझकर फेंक देते हैं उसे कचरा कहते हैं, जैसे– फल/सब्जियों के छिलके, बचा–खुचा खाना, गोबर, फसली अवशेष, चिप्स–कुरकुरे के पैकेट, प्लास्टिक की बोतलें, पॉलीथीन, अखबार, कागज, कांच के सामान, लोहा या कोई अन्य धातु, रसोई घर एवं स्नानघर से निकलने वाले पानी इत्यादि।

## कचरा कितने तरह का होता है ?

कचरा तीन तरह का होता है – सूखा कचरा, गीला कचरा एवं तरल कचरा।

सूखा कचरा: जो कचरे प्रकृति में सड़–गल नहीं सकते हैं,उन्हें सूखा कचरा (असड़नशील कचरा या अजैविक कचरा) कहते हैं , जैसे– प्लास्टिक की बोतल, कांच, लोहा, कपड़ा, खाली टूथपेस्ट का ट्यूब, लोहा, कोई धातु इत्यादि।

गीला कचरा : जो कचरे प्रकृति में सड़–गल कर खाद बन जाते हैं, उन्हें गीला कचरा (सड़नशील या जैविक कचरा) कहते हैं, जैसे – फल–सब्जी के छिलके, बचा हुआ खाना, कृषि अवशेष, गोबर इत्यादि।

तरल कचरा : स्नान घर, घर की सफाई, रसोई घर से निकले जल एवं शौचालय से निकले जल को तरल कचरा कहते हैं। जमीन की ऊपरी सतह पर रुका हुआ तरल बीमारी फैलाने का कारण बनता है। तरल कचरा भूजल को संदूषित कर गंभीर बीमारियाँ पैदा करता है।




## कचरे के प्रबंधन की जरुरत क्यों है ?

हमारे घरों से निकलने वाले कचरे (जैसे– सूखा कचरा, गीला कचरा एवं तरल कचरा) हमारे स्वास्थ्य के लिए गंभीर संकट उत्पन्न करता है। गलत तरीकों से इन कचरों के निपटान से जल, जमीन एवं वायु तीनों स्तर पर गन्दगी फैलती है जिसके



File No. BRLPS/Estt/895/14Part-II/(Computer No. 91508)
Generated from eOffice by MR ANAND KUMAR, JEEVIKA-PA-PRO(AK), PROJECT ASSOCIATE, BIHAR RURAL LIVELIHOODS PROMOTION SOCIETY on 12/10/2024 05:10 pm

कारण जल एवं रोगाणु जनित गंभीर बीमारियाँ (जैसे – दस्त, मलेरिया, डेंगू, हैजा एवं टायफायड आदि) होती हैं। इससे मानव जीवन ही नहीं बल्कि पशु–पक्षी एवं पेड़–पौधे भी प्रभावित होते हैं। घर से निकलने वाले कचरे का यदि हम उचित प्रबंधन करेंगे तभी यह समस्या कम हो सकती है।

## घर से निकलने वाले कचरे का उचित निपटान कैसे करें ?

- कचरे को अलग–अलग कर के रखने के लिए अपने घर में हरा एवं नीला दो तरह का कूड़ेदान रखें।
- घर से निकलने वाले कचरे को अलग–अलग करें और गीले कचरे को हरा तथा सूखे कचरे को नीला कूड़ेदान में रखें। कचरे वाली गाड़ी आने पर कचरे को उस गाड़ी में डाल दें।

दुबारा इस्तेमाल होने लायक कचरा घर में पुनः इस्तेमाल किया जा सकता है। दुबारा इस्तेमाल नहीं होने लायक कचरा कबाड़ी वाले को बेचा जा सकता है।

## सूखे एवं गीले कचरे को अलग–अलग करने के बाद क्या करें ?

हमारे घर के कचरे जैसे – फल/सब्जियों के छिलके, बचा–खुचा खाना, गोबर, फसली अवशेष आदि शामिल होते हैं। इन कचरे से घरेलू स्तर पर खाद बना कर अपने पोषण वाड़ी एवं खेतों में इतेमाल कर जैविक फल–सब्जियां एवं अनाज उपजाकर अपने परिवार की पोषण जरूरतों को पूरा किया जा सकता है। दुबारा इस्तेमाल नहीं होने लायक कचरे (अखबार, कागज, कांच के सामान, लोहा या कोई अन्य धातु, प्लास्टिक इत्यादि) को अलग–अलग श्रेणियों में छाँटने के बाद कबाड़ीवाले को बेच कर पैसा कमाया जा सकता है।

## घरेलू स्तर पर खाद बनाने का तरीका



एक ऐसे स्थान का चुनाव करें जहां जल जमाव नहीं होता हो। इस स्थान पर 1 मीटर लंबा, 1 मीटर चौड़ा एवं 1 मीटर गहरा एक गड्ढा खोदें। गड्ढे में पानी जाने से रोकने के लिए उसके चारो तरफ एक छोटा बांध बना दें। गड्ढे के तल में गोबर का लेप लगा दें। सड़ने–गलने वाले कचरे जैसे – फल/सब्जियों के छिलके, बचा–खुचा खाना, पेड़–पौधों से झड़कर गिरे हुए फूल–पत्तियाँ, गोबर और फसली अवशेष आदि को गड्ढे में फैलाएं। बड़े आकार के कचरे को आसानी से सड़ाने के लिए छोटे–छोटे टुकड़ों में काटें। गड्ढे से निकलने वाली दुर्गंध को दबाने के लिए प्रतिदिन इसके ऊपर बारीक छनी हुई मिट्टी का छिड़काव करें। एक बार गड्ढा पूरा भर जाए तो इस पर 15 सेमी. परत की मिट्टी डालकर इसे बंद कर दें। वर्षा जल से सुरक्षित रखने के लिए गड्ढे को तिरपाल से ढँक दें। 4–6 माह के लिए इसे छोड़ दें ताकि यह खाद बन जाए। इसी खाद को जैविक खाद कहते हैं। इस गड्ढे को भरने से पहले इसी तरह का दूसरा गड्ढा खोदकर तैयार कर उसका उपयोग करें।

## जैविक खाद के क्या फायदे हैं?

- मिट्टी की उर्वरक क्षमता बढ़ जाती है जिससे अधिक पैदावार होती है।
- मिट्टी का तापमान व नमी बना रहता है जिससे पौधे की जड़ों का फैलाव अच्छा होता है।
- फसलों को सूक्ष्म पोषक तत्त्वों की जरुरत पूरी हो जाती है।
- कीटों से मुकाबला करने की फसलों की क्षमता में वृद्धि हो जाती है।



जैविक खाद को अपने खेत,बागीचे एवं पोषण बाड़ी में उपयोग कर सकते हैं या इसे बेच कर पैसे कमा सकते हैं।

## सूखा कचरा आमदनी का स्रोत कैसे है ?

घरेलू सूखे कचरे जैसे– साबुन के खोल, खाली बोतलें/डिब्बे, दूध की खाली थैलियाँ, पुराने पायदान, उपयोग किया हुआ टूथब्रश, अखबार/



File No. BRLPS/Estt/895/2024/Part-III (Computer No. 91508)
Generated from eOffice by MR ANAND KUMAR, JEEVIKA-PA-PROC(AK), PROJECT ASSOCIATE, BIHAR RURAL LIVELIHOODS PROMOTION SOCIETY on 12/10/2024 05:10 pm

/पैकेजिंग सामग्रियां, गत्ते के टुकड़े, कागज, धातु के डब्बे /कंटेनर, कांच का सामान, पुराने जूते/चमड़े का सामान, झाड़ू, शैम्पू की खाली बोतलें, प्लास्टिक की बोतलें/डब्बे इत्यादि को इधर –उधर फेंक कर गन्दगी न फैलाएं। इसे कबाड़ी वाले से बेच दें जिससे आर्थिक आमदनी भी हो सकती है।





## प्लास्टिक कचरे का प्रबंधन कैसे करें ?

प्लास्टिक कचरे का सुरक्षित निपटान एक गंभीर पर्यावरणीय समस्या है। यह मिट्टी में मिलकर सड़ता–गलता नहीं है। प्लास्टिक भूजल को दूषित करता है, जल निकासी चौनलों को बंद कर देता है और प्लास्टिक खाने से जानवरों को गंभीर बीमारियाँ हो सकती है जिससे उनकी मृत्यु भी हो सकती है।

- प्लास्टिक का उपयोग बिल्कुल ही ना करें। इसके बदले जूट, कागज एवं कपड़े के थैले का प्रयोग करें।
- दुबारा उपयोग किये जाने वाले प्लास्टिक की खाली बोतलों या सामग्रियों का उपयोग सामान रखने या फूल–पत्तियाँ लगाने में कर सकते हैं।
- प्लास्टिक की खाली बोतलों/ सामग्रियों को एकत्र कर कबाड़ी वाले से बेच दें जिससे आर्थिक आमदनी भी हो सकती है।

## घरेलू स्तर पर धूसर एवं मलिन जल का प्रबंधन कैसे करें ?

तरल कचरा दो तरह का होता है – धूसर जल (ग्रे वाटर) एवं मलिन जल (ब्लैक वाटर)।

स्नान घर, घर की सफाई एवं रसोई घर से निकले जल को धूसर जल (ग्रे वाटर) कहते हैं। धूसर जल में रोगाणुओं की मात्रा कम होती है। इसका उपयोग सामान्य शोधन के उपरांत पोषण वाड़ी में फल–सब्जियों के पौधों की सिंचाई के लिए किया जा सकता है। घरेलू स्तर पर सोख्ता गड्ढ़ा बनाकर इसका निपटान किया जा सकता है।

शौचालय से निकलने वाले जल को मलिन जल (ब्लैक वाटर) कहते हैं। मलिन जल में रोगाणुओं की मात्रा बहुत अधिक होती है इसलिए उपचार के बाद भी इसे उपयोग में नहीं लाया जा सकता है।



## धूसर जल का प्रबंधन

धूसर जल का प्रबंधन बहुत आसान तरीके से कर सकते हैं। स्नान घर, घर की सफाई एवं रसोई घर से निकले जल को इधर–उधर न बहा कर घर के पास एक गड्ढा खोद कर नाली या पाइप के माध्यम से संग्रह करें। गड्ढे में संग्रहित जल को नाली के माध्यम से पोषण वाड़ी में फल–सब्जियों के पौधों की सिंचाई के लिए उपयोग करें। इससे बेकार पानी का उपयोग एवं पेय जल की बचत की जा सकती है। दूसरी तरफ एक सोख्ता गड्ढ़ा बनाकार धूसर जल का शोधन किया जा सकता है। सोख्ता गड्ढ़ा बनाने के लिए 1 मीटर लंबा, 1 मीटर चौड़ा एवं 1मीटर गहरा एक गड्ढा खोदें। गड्ढे की गोलाई में नीचे से ऊपर तक मधुमक्खी के छत्ते की तरह ईंट को जोड़ें। उस गड्ढे की सबसे निचली सतह पर एक परत ईंट का टुकड़ा बिछाएं और उसके ऊपर मोटे–मोटे पत्थर के टुकड़े बिछाएं। स्नान घर, घर की सफाई एवं रसोई घर से निकले धूसर जल को एक पाइप से जोड़ कर सोख्ता गड्ढ़ा में गिराएं। सोख्ता गड्ढ़ा को ऊपर से एक ढक्कन के द्वारा ढँक दें। सोख्ता गड्ढ़ा में संग्रहित धूसर जल शोधित होकर भूजल के स्तर में वृद्धि करता है।



## मलिन जल का प्रबंधन

मलिन जल (ब्लैक वाटर) सेप्टिक टैंक से निकलने वाला पानी, जिसमें मल का अंश हो, जिसमें खतरनाक जीवाणु एवं विषाणु पाए जाते हैं मलिन जल कहलता है। इस जल को सार्वजनिक नाली या खुले में नहीं बहायें। यह स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है। सेप्टिक टैंक के निकट एक सोख्ता गड्ढ़ा बनाकर मलिन जल का उचित निपटारा करें।


File No. BRLPS/Estt/895/14Part-II (Computer No. 91508)
Generated from eOffice by MR ANAND KUMAR, JEEVIKA-PA-PRO(AK), PROJECT ASSOCIATE, BIHAR RURAL LIVELIHOODS PROMOTION SOCIETY on 12/10/2024 05:10 pm